Bharat Temples

तेरे बगैर सांवरिया जिया नही जाये तुम आके बांह पकड लो तो कोई बात बने ॥

तेरे बगैर सांवरिया जिया नही जाये
तुम आके बांह पकड लो तो कोई बात बने ॥

ना जाने कौन सी बांकी अदा तुम्हारी ॥
ना जाने कौन सी बांकी अदा तुम्हारी कोरस ॥
हजारो लाखो मिटे है ये ऐसी प्यारी है
कभी हमें भी मिटाओ तो कोई बात बने
तेरे बगैर सांवरिया...............

जहां श्री राधा जो संग में ॥
जहां श्री राधा जो संग मे कोरस ॥
वो जमना जी का किनारा वो पुंज है प्यारे
वही पे हमको बिठा लो तो कोई बात बने
तेरे बगैर सांवरिया...............

मैं लाऊ फुल तुम्हारी पसंद के प्यारे ॥
मैं लाऊ फुल तुम्हारी पसंद के प्यारे कोरस ॥
बनाऊ फुल के बंगले बिराजो तुम प्यारे

मुझे ये सेवा दिलाओ तो कोई बात बने
तेरे बगैर सांवरिया...............

ये आठो याम की सेवा करु तिहारी ॥
ये आठो याम की सेवा करु तिहारी कोरस ॥
कहे गोविन्द मैं गांऊ तुम्हे रिझाने को
तुम भी साथ में गाओ तो कोई बात बने

तेरे बगैर सांवरिया जिया नही जाये
तुम आके बांह पकड लो तो कोई बात बने ॥
तेरे बगैर सांवरिया...............

Source: https://www.bharattemples.com/tere-bagair-sanwariya-jiya-nahi-jaye/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw